Sixteenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made references to the passing away of Shri Nar Bahadur Bhandari, Member, 8th Lok Sabha; and Shri Santosh Mohan Dev, Member, 7th, 8th, 9th, 10th, 13th and 14th Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे दो पूर्व सदस्यों श्री नर बहादुर भण्डारी तथा श्री संतोष मोहन देव के दुःखद निधन के बारे में सूचना देनी है।

श्री नर बहादुर भण्डारी सिक्किम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए आठवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री भण्डारी एक कुशल प्रशासक थे और वे तीन बार सिक्किम के मुख्य मंत्री रहे तथा उन्होंने सिक्किम की जनता के कल्याण के लिए अथक कार्य किया।

श्री भण्डारी पेशे से शिक्षाविद् थे और उन्हें कई प्रकाशनों का श्रेय जाता है।

श्री नर बहादुर भण्डारी का निधन 16 जुलाई, 2017 को दिल्ली में 76 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री संतोष मोहन देव ने सातवीं, आठवीं, गयारहवीं, तेरहवीं और चौदहवीं लोक सभा के दौरान असम के सिल्चर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने नौंवी और दसवीं लोक सभा के दौरान त्रिपुरा के त्रिपुरा पश्चिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व किया।

श्री देव केंद्रीय भारी उद्योग और लोक उद्यम, जल संसाधन मंत्रालयों के मंत्री थे तथा वे पर्यटन और संचार; रक्षा; गृह एवं इस्पात मंत्रालयों में राज्य मंत्री भी रहे।

अपने दीर्घ और उत्कृष्ट संसदीय सेवाकाल के दौरान श्री संतोष मोहन देव सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति; लोक लेखा समिति तथा ऊर्जा संबंधी समिति के सभापति तथा विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे।

एक सक्रिय सामाजिक और राजनैतिक कार्यकर्ता के रूप में श्री संतोष मोहन देव ने समाज के दलितों तथा पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया।

श्री संतोष मोहन देव का निधन 2 अगस्त, 2017 को सिल्चर, असम में 83 वर्ष की आयु में हुआ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देती है।

अब सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन रहेगी।

11.01 hours

(The Members then stood in silence for a short while.)